प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 09.09.2025

मुख्य समाचारः—

- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आज हुआ मतदान।
- राज्य मंत्रिमंडल ने सौर ऊर्जा नीति में संशोधन के प्रस्ताव को दी मंजूरी—अब प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता उद्योग का दर्जा मिलेगा।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में यूनिफाइड कमांड की बैठक आयोजित की गई।
- प्रदेश में मिशन शक्ति के तहत ''संकल्प एचईडब्ल्यू'' नाम से दस दिवसीय राज्यव्यापी जागरूकता अभियान शुरू हुआ।

उपराष्ट्रपति—चुनाव

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई है। मतदान सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक हुआ। उपराष्ट्रपति चुनाव का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन तथा इंडी गठबंधन के उम्मीदवार और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच है। संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए वोट डाले।

मंत्रिपरिषद—निर्णय

राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रदेश की सौर ऊर्जा नीति में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि सौर ऊर्जा

नीति में होने वाले संशोधनों के अनुसार सौर ऊर्जा परियोजनाओं को अब राज्य की औद्योगिक नीति के तहत प्राथमिकता उद्योग का दर्जा मिलेगा।

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने सुकमा जिले में बम विस्फोट की घटना में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपंजु की पत्नी श्रीमती स्नेहा गिरेपुंजे को राज्य पुलिस सेवा में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्णय लिया है।

वहीं, वरिष्ठ मीडियाकर्मी सम्मान निधि के तहत सेवानिवृत्त हो चुके मीडियाकर्मियों को दी जाने वाली सम्मान राशि को दस हजार रूपये से बढ़ाकर बीस हजार रूपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा वर्तमान में लोक सेवा आयोग की सदस्य और कार्यकारी अध्यक्ष रीता शांडिल्य को लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन आज मंत्रिमंडल ने किया।

स्कूल–युक्तियुक्तकरण

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में दस हजार पांच सौ अड़तीस स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इसमें एक ही परिसर में संचालित दस हजार से अधिक शालाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में एक किलोमीटर से कम दूरी पर और शहरी क्षेत्रों में पांच सौ मीटर से कम दूरी पर संचालित एक सौ छियासठ स्कूल शामिल हैं। सरकार के अनुसार युक्तियुक्तकरण के तहत सोलह हजार एक सौ पैंसठ शिक्षकों और प्राचार्यों का समायोजन करने से अब प्रदेश का कोई भी विद्यालय शिक्षक–विहीन नहीं है।

गौरतलब है कि पहले जहां पांच हजार नौ सौ छत्तीस विद्यालय एकल–शिक्षकीय थे। वहीं, युक्तियुक्तकरण के बाद इनकी संख्या एक हजार दो सौ सात रह गई है।

यूनिफाइड कमांड–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई। बैठक में नक्सल विरोधी अभियान और विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस बैठक में उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, भारतीय वायुसेना और छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

केंद्रीय राज्यमंत्री–रक्षा मंत्री मुलाकात

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने हाल ही में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि बिलासपुर हवाई अड्डे के विकास के लिए रक्षा मंत्रालय के अधीन एक हजार बारह एकड़ भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित की जाए। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार और रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक बुलाई जाए। उन्होंने कहा कि इससे बिलासपुर में हवाई सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। श्री साहू ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां उच्च न्यायालय के साथ एसईसीएल, एनटीपीसी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जैसी अनेक केंद्रीय संस्थाओं के मुख्यालय स्थित हैं।

बाढ़ प्रभावित–सहायता राशि

मध्यप्रदेश और गोवा के बाद अब गुजरात और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों ने भी बस्तर संभाग में बाढ़ प्रभावितों के लिए पांच–पांच करोड़ रूपये की राहत राशि उपलब्ध कराई है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के प्रति आभार जताया है।

संकल्प एचईडब्ल्यू

महिला और बाल विकास विभाग ने प्रदेश में मिशन शक्ति के तहत ''संकल्प एचईडब्ल्यू'' नाम से दस दिवसीय राज्यव्यापी जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को कानूनी अधिकार, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है। अभियान के तहत सभी जिलों के शहरी और ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जीएसटी–अरूण साव

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों का छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी की दरों में सुधार करके देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता को दिवाली त्यौहार का उपहार दिया है। श्री साव ने कहा कि इससे किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों और युवाओं को कई तरह के लाभ मिलेंगे।

केरोसिन–आबंटन

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा सितंबर महीने के लिए एक हजार सात सौ चालीस किलोलीटर केरोसिन का आबंटन किया गया है। विभाग ने राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डों में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली–पीडीएस के तहत केरोसिन प्रदान करने का निर्देश दिया है।

कैश कलेक्शन एजेंट–गिरफ्तार

बीजापुर जिले की कोतवाली पुलिस ने एक निजी कंपनी में कार्यरत् कैश कलेक्शन एजेंट को इकतालीस लाख रूपये से अधिक की राशि का गबन करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने जून और जुलाई महीने की राशि को कंपनी में जमा नहीं कर अपने निजी कार्यों के लिए इस्तेमाल किया।

योगासन चैंपियनशिप

छठवीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन ग्यारह सितंबर से भिलाई में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह करेंगे। चौदह सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के बत्तीस राज्यों के आठ सौ से ज्यादा प्रतिभागी योग कौशल का प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के साथ ही योग को देश और दुनियाभर में एक प्रमुख खेल विधा के तौर पर स्थापित करना है।

कूडो प्रतियोगिता–पदक

दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता में बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल सात पदक अपने नाम किए हैं। इन खिलाड़ियों में दिव्या महंत, तनिष्क, अतीक्षा महंत, टिकेश्वर पटेल, दामिनी, राहुल पटेल और ईशान महंत शामिल हैं। ये खिलाड़ी अगले महीने अक्टूबर में गुजरात के सूरत में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

समाचार संक्षेप में .

- महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के धरसेड़ी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

- सुकमा जिले के इंजरम कैम्प में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ के जवान निलेश कुमार गर्ग ने बीती रात अपनी ही सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरु कर दी है।

- सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर ने आज अंबिकापुर स्थित पचास वर्ष पुराने बरकेला बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बांध में जलभराव, तटबंध की स्थिति के साथ ही जल रिसाव का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को बांध की सतत् निगरानी के निर्देश दिए।

- मुंगेली जिले में आज से विकासखंड स्तरीय "आदि कर्मयोगी अभियान" के तहत प्रोसेस लैब का शुभारंभ हुआ।

- जांजगीर–चांपा जिले के करही गांव के उपसरपंच का शव अड़तालीस घंटे बाद महानदी से बरामद कर लिया है। हत्या की आशंका पर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल अभी भी जारी है। आज जांजगीर–चांपा में अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम कार्यकर्ताओं ने जल सत्याग्रह किया।

- दुर्ग जिले में नेवई थाना क्षेत्र स्थित एक स्कूल में जन्मदिन मनाने के दौरान हुए विवाद में पांच लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने दो अपचारी बालक सहित तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। वहीं, एक अपचारी बालक सहित दो आरोपी फरार बताए जाते हैं।

- महासमुंद जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल में एक भालू मृत पाया गया है। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

<><><><><><>